सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 57 | इंदौर, मंगलवार 09 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

- **PM Modi: आज पंजाब और हिमाचल दौरे पर पीएम मोदी, बाढ़ग्रस्त इलाकों का हवाई सर्वे और पीड़ितों से करेंगे मुलाकात**
- **Nepal: 20 की मौत के बाद झुकी सरकार, ओली के सुर बदले, कहा- बैन के पक्ष में नहीं, 15 दिन में आएगी जांच रिपोर्ट**
- **Norway: नॉर्वे में कड़े मुकाबले में जीती लेबर पार्टी, चार साल और सरकार का नेतृत्व करेंगे पीएम जोनास स्टोरे**
- **Raj Kundra: शिल्पा के पति राज कुंद्रा की बढ़ी मुश्किलें, EOW ने भेजा समन, इस तारीख को होंगे पेश**
- **बारिश, बाढ़ और भूस्खलन: पंजाब में अब तक 51 की मौत... हरिद्वार में ट्रैक पर गिरा मलबा, 23 ट्रेनें प्रभावित**
- **Diwali 2025: अयोध्या दीपोत्सव में बनेगा नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, 26 लाख से अधिक दीपों से जगमगाएगी रामनगरी**

## कैबिनेट बैठक में आज सेवा पर्व पर होगी चर्चा

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान कहीं भी अचानक उतरेगा सीएम का हेलिकॉप्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज होने वाली कैबिनेट बैठक में 17 सितंबर से शुरू होने वाले सेवा पर्व का मुद्दा प्रमुख रहेगा। मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों को उनके प्रभार वाले जिलों में दौरे कर कार्यक्रमों की निगरानी और 2 अक्टूबर तक की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देंगे।**

अभियान के दौरान मुख्यमंत्री जिलों के भ्रमण पर रहेंगे। उनका हेलिकॉप्टर कहीं भी अचानक उतरेगा और सेवा पर्व कार्यक्रमों में शामिल होकर समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाला यह सेवा पर्व गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान राज्य सरकार जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और आम नागरिकों तक सेवाओं का सुगम प्रदाय सुनिश्चित करेगी।



### शिविर लगाकर दिया जाएगा सेवाओं का लाभ

अभियान में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक संगठन सभी सक्रिय भागीदारी करेंगे। जिलों में स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ वितरण और अन्य सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कलेक्टरों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

### पीएम के दौरे पर भी चर्चा

कैबिनेट बैठक में धार जिले में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों पर भी चर्चा की जाएगी। मोदी धार जिले के बदनावर (भैंसोला गांव) में पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन करेंगे। यह देश में प्रस्तावित 7 पीएम मित्र पार्कों में से मध्यप्रदेश को मिला एकमात्र प्रोजेक्ट है। इसका उद्देश्य टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूत करना और निवेश आकर्षित करना है।

### अभियान के दौरान क्या-क्या होगा

1. इस अभियान की थीम 'स्वच्छोत्सव' है।
2. अभियान का केंद्रीय विषय 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' है, इसलिए अभियान के दौरान रक्तदान शिविर लगाने सहित स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम होंगे।
3. अभियान में जनता से जुड़े 7 प्रमुख विभागों की जिम्मेदारी है।
4. सेवा पर्व को जन-जन का अभियान मनाएंगे।
5. स्वास्थ्य शिविर लगेंगे।
6. एक पेड़ मां के नाम एवं मां की बगिया के अंतर्गत पौधरोपण किया जाएगा।
7. नए नमो पार्क, नमो बाग, नमो वन, नमो उपवन बनाए जाएंगे।
8. 27 सितंबर को नमो मैराथन होगी।
9. विकास मेले एवं प्रदर्शनी के अलावा विद्यार्थियों की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।
10. भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जाएगा।
11. आदि सेवा पर्व भी मनाया जाएगा। आदि सेवा पर्व के दौरान सभी जनजातीय बहुल गांव के लोग अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में गांव के विकास के बारे में चर्चा-परिचर्चा करेंगे।

## मप्र में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी

# 20 आईपीएस अधिकारियों के तबादले, दो जिलों के एसपी भी बदले गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश सरकार ने सोमवार को बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की है। 20 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। गृह मंत्रालय द्वारा जारी लिस्ट में डीआईजी और एसपी लेवल के अधिकारी भी शामिल हैं। दो जिलों को एसपी का भी ट्रांसफर किया गया है। अशोक नगर और धार जिले के एसपी को बदल दिया गया। बता दें कि अशोकनगर जिला केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की लोकसभा सीट में आता है।**



आईपीएस अधिकारियों के तबादले के आदेश सूची में छह रेंज के डीआईजी से लेकर जिलों के एसपी और बड़े शहरों के एडीसीपी तक शामिल हैं। तबादला सूची में छतरपुर डीआईजी ललित शाक्यवार, बालाघाट डीआईजी मुकेश कुमार श्रीवास्तव, सागर डीआईजी सुनील कुमार पांडे, भोपाल ग्रामीण डीआईजी ओम प्रकाश त्रिपाठी, रतलाम डीआईजी मनोज कुमार सिंह और छिंदवाड़ा डीआईजी कल्याण चक्रवर्ती को बदला गया है। भोपाल में मोनिका शुक्ला को क्राइम एडीसीपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अशोकनगर में राजीव कुमार मिश्रा और धार में मयंक अवस्थी नए पुलिस अधीक्षक होंगे। वहीं, छतरपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, इंदौर ग्रामीण, भोपाल ग्रामीण, रतलाम और सागर रेंज में नए डीआईजी पदस्थ किए गए हैं। इंदौर और भोपाल में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध व मुख्यालय) का भी तबादला कर दिया गया है। विजय कुमार खत्री को डीआईजी छतरपुर रेंज, विनीत कुमार जैन को डीआईजी बालाघाट, मनोज कुमार सिंह को डीआईजी इंदौर ग्रामीण, राकेश कुमार सिंह को डीआईजी छिंदवाड़ा, राजेश सिंह को डीआईजी भोपाल ग्रामीण और शशीन्द्र चौहान को डीआईजी सागर रेंज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, भोपाल ग्रामीण डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी को डीआईजी एसएएफ मध्य क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध व मुख्यालय) नगरीय पुलिस इंदौर मनोज कुमार श्रीवास्तव को डीआईजी पुलिस रिसर्च ट्रेनिंग सेंटर इंदौर भेजा गया है। हेमंत चौहान डीआईजी एससीआरबी पीएचक्यू को डीआईजी रीवा रेंज बनाया गया है।

# प्राक्कलन समिति ने इंदौर के बायोगैस प्लांट एवं ट्रेंचिंग ग्राउंड प्लांट का किया अवलोकन

## इंदौर के स्वच्छता मॉडल की सराहना की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मध्यप्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति अपने तीन दिवसीय इंदौर-उज्जैन संभागीय अध्ययन दौरे के तहत इंदौर पहुँची। इंदौर प्रवास के दौरान समिति के सभापति श्री अजय विश्नोई की अध्यक्षता में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में लोक लेखा समिति के सभापति श्री भंवरसिंह शेखावत, समिति सदस्य श्रीमती मालिनी गौड़, श्री आशीष शर्मा, डॉ. चिंतामणि मालवीय, श्री सोहनलाल वाल्मिक, श्री दिनेश जैन बोस एवं श्री देवेन्द्र सखवार द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउंड एवं बायो सीएनजी प्लांट का अवलोकन किया गया। इस मौके पर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### ट्रेंचिंग ग्राउंड एवं बायो सीएनजी प्लांट का अवलोकन

समिति अध्यक्ष श्री विश्नोई एवं सदस्यों द्वारा इंदौर स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का दौरा कर बायो सीएनजी गैस प्लांट, नेप्रा प्लांट एवं अन्य अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्रों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने उन्हें अवगत कराया कि शहर से एकत्रित विभाजित कचरे को इन संयंत्रों तक पहुँचा कर किस प्रकार वैज्ञानिक प्रक्रिया से गीले एवं सूखे कचरे का निस्तारण कर बायो गैस, खाद एवं अन्य उत्पाद तैयार किए जाते हैं। समिति द्वारा स्वच्छता में नगर निगम इंदौर द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई।

# कांग्रेस शहर कार्यकारिणी की कवायद शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर अध्यक्ष के पदभार समारोह के बाद अब इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के गठन की प्रकिया शुरू हो गई है। दिल्ली से मिले निर्देश के बाद एक माह के अंदर अध्यक्ष को अपनी टीम तैयार करना है। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अलग-अलग जगहों पर जिला समन्वय समिति की बैठकें 13 से 26 सितंबर तक होंगी।**

इसमें जिला कार्यकारिणी के गठन, मतदाता सूची के सत्यापन, जिला कार्यालय खोलने सहित अन्य संगठनात्मक विषयों पर चर्चा होगी। इसमें ही ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति पर भी बात की जाएगी।कांग्रेस से मिली जानकारी के अनुसार कार्यकारिणी में सभी विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व रहे, इसलिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ता लेने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि 40 दिन में जिला कार्यकारिणी के गठन की तैयारी पूरी कर ली जाएगी। वहीं कांग्रेस शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे का कहना है कि पहले बूथ, वार्ड और ब्लॉक का गठन किया जाएगा। इसके बाद शहर कार्यकारिणी तैयार करेंगे।

# अज्ञान को दूर कर मृत्यु को महोत्सव में बदलने का चिंतन देती है भागवत कथा : जितेन्द्र महाराज

## तिरुपति बालाजी से आए भागवताचार्य ने की बालक ध्रुव एवं प्रहलाद के भक्ति प्रसंगों की व्याख्या





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मनुष्य को सबसे बड़ा भय मृत्यु का होता है। यह भय और भ्रम जब तक दूर नहीं होगा, हम अपने परम लक्ष्य की ओर नहीं बढ़ सकते। मृत्यु शरीर की होती है, हमारी नहीं - यह ज्ञान वैसा ही है जब हम पुराने वस्त्र बदलकर नए वस्त्र पहन लेते हैं। आत्मा भी नया शरीर धारण कर लेती है। भागवत अज्ञान को दूर कर मृत्यु को महोत्सव में बदलने का चिंतन देती है। रामायण जीवन को संवारने की और भागवत मृत्यु को सजाने की प्रेरणा देने वाले ग्रंथ हैं। भक्ति मनुष्य को निर्भय बनाती है। पाखंड और प्रदर्शन से दूर रहकर की गई भक्ति ही सार्थक होती है। ज्ञान की अग्नि सभी पापों को स्वाहा कर देती है।**

ये प्रेरक विचार हैं तिरुपति बालाजी से आए आचार्य जितेन्द्र महाराज के जो उन्होंने एयरपोर्ट रोड स्थित हंसदास मठ पर भागवत ज्ञान यज्ञ सेवा समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय पितृ मोक्षदायी भागवत में भक्ति के विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या करते हुए व्यक्त किए। हंसदास मठ के श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास दास महाराज के सानिध्य में कथा शुभारंभ के पूर्व आयोजन समिति की ओर से म.प्र. ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक, शिव जिंदल, हरि अग्रवाल, संदीप गोयल आटो, राजेश बंसल, प्रहलाद किशोर मिश्रा, विनोद गोयल आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। संयोजक शिव जिंदल ने बताया कि आचार्य जितेन्द्र महाराज के श्रीमुख से पितृ पक्ष में भागवत कथा का यह प्रासंगिक अनुष्ठान 13 सितम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक हंसदास मठ पर होगा। आचार्य जितेन्द्र महाराज ने बालक ध्रुव एवं भक्त प्रहलाद प्रसंगों की व्याख्या के दौरान कहा कि ज्ञान प्राप्ति के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है पाप। अज्ञान ही पाप का मूल है। जब तक हम पाप को समझेंगे नहीं, उससे दूर रहने का प्रयत्न नहीं करेंगे। इसी तरह पुण्य को भी समझना जरूरी है। जीवन के दोनों पहलू जब तक हमारी समझ में नहीं बैठेंगे, तब तक हम अच्छे-बुरे, पाप-पुण्य, ज्ञान-अज्ञान और कर्म-अकर्म में से किसी एक का चयन नहीं कर पाएंगे। भागवत मनुष्य जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी ज्ञान का दिव्य ग्रंथ है, जो भय और संशय से हमें मुक्त बनाता है। जहां भय और संशय होंगे, वहां परमार्थ और परमात्मा के मार्ग में बाधाएं आएंगी ही। भागवत इन्हीं बाधाओं से मुक्त होने का मार्ग प्रशस्त करती है।

# रेशम केन्द्र गौशाला का अपशिष्ट खेतों को करेगा उपजाऊ : जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि सांवेर के ग्राम खजुरिया में रेशम केन्द्र पर नगर निगम इन्दौर द्वारा गौशाला संचालित है। इस गौशाला में गौवंश के गोमूत्र व अन्य अपशिष्ट किसानों के खेतों को उपजाऊ बनाने का निर्णय लिया है। अभी गौशाला में एकत्रित गौवंश के अपशिष्ट पदार्थ को तालाब में डाला जा रहा था। इस कारण खजुरिया, मांगलिया अर्निया, अजनोटी, बदरखां, यशवंत सागर क्षेत्र के आसपास के सभी ट्यूबवेल व नलकूप के जल को दूषित कर रहा है। साथ ही क्षेत्र में गंदगी एवं बीमारी फैल रही। ग्राम खजुरिया, मांगलिया अर्निया, अजनोटी, बदरखां, यशवंत सागर के ग्रामीणों द्वारा इस समस्या के निराकरण की मांग की गई। इस पर मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इस समस्या के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम महापौर से चर्चा कर पार्षद श्री योगेश गेंदर व एक प्रतिनिधि मंडल को महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव से उनके निवास पर चर्चा हेतु भेजा। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने ग्राम खजुरिया, मांगलिया अर्निया, अजनोटी, बदरखां, यशवंत सागर के सभी ग्रामीणों से भेंटकर गौशाला संचालकों से चर्चा कर रेशम केन्द्र गौशाला का पूरा गोबर तालाबों, कांकड़ों एवं अन्य स्थानों पर न डाल कर समीप के गांव के किसानों के खेतों में डाले जाने के लिए निर्देश दिये।

# डॉग बाइट से पति की मौत

## पैसे नहीं थे तो एनजीओ ने मदद की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कुत्ते के काटने से गोविंद पैवाल नाम के शख्स की मौत के बाद परिवार के सामने बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई। परिवार ब्रिज के नीचे रहता है, माली हालत ठीक नहीं है। ऐसे में अंतिम संस्कार तक के लिए पैसे नहीं थे। एक एनजीओ ने मुफ्त शव वाहन और अन्य मदद देकर अंतिम संस्कार करवाया। गोविंद पैवाल की पत्नी संगीता ने बताया कि उनके पति को रैबीज था। डॉक्टरों ने पहले ही बता दिया था कि उनके बचने की संभावना नहीं है। इसके बावजूद संगीता ने एमवाय अस्पताल के आइसोलेटेड यूनिट में अपने पति की पूरी सेवा की। उन्होंने उनके दर्द और दौरों के बीच भी हौसला बनाए रखा। गोविंद का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। वे हर मौसम में ब्रिज के नीचे रहते हैं। गोविंद पहले नगर निगम के ठेकेदार के अधीन काम करता था। साथ में बेलदारी भी करता था। परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है। घर का खर्चा बमुश्किल चलता था। रोज का भोजन-पानी भी चुनौतीपूर्ण है। गोविंद की मौत के बाद परिवार के पास अंतिम संस्कार के लिए पैसे नहीं थे। इस दौरान एक एनजीओ ने फ्री में शव वाहन उपलब्ध कराया और देर शाम उनके अंतिम संस्कार के लिए भी मदद की। बेटे अजय ने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इसके बाद उसने अपनी मां, छोटे भाई और बहन को ब्रिज के नीचे सुरक्षित छोड़ा और फिर अपने अन्य इंतजाम में जुट गया।

# क्रिकेट खेलकर आने के बाद युवक ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** परदेशीपुरा इलाके में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह रविवार शाम को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलकर घर लौटा था। इसके बाद उसने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर आत्मघाती कदम उठा लिया।

देर शाम जब मां काम से लौटकर घर आई, तो बेटे के दरवाजा न खोलने पर उन्होंने सोचा कि वह सो रहा है। मां कुछ समय तक बाहर बैठी रही, लेकिन काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर उन्होंने बड़े बेटे को बुलाकर जानकारी दी।

**परिवार ने दोस्तों से की पूछताछ-** परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक, मेन रोड पर रहने वाले आशीष (21) पुत्र महेश प्रजापत ने अपने घर में फांसी लगा ली। भाई शुभम ने बताया कि वह दोपहर में दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया था। वहां से आने के बाद उसने यह कदम उठा लिया। रात में आशीष के परिवार ने दोस्तों से बात की, लेकिन कोई जानकारी सामने नहीं आई। पुलिस ने आशीष का मोबाइल जब्त कर लिया है। भाई शुभम के मुताबिक, आशीष ने 10वीं क्लास के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। शुभम और उसके पिता परिवार की होटल पर काम करते हैं, वहीं मां निजी कंपनी में नौकरी करती हैं।

# चूहों से घबराए डॉक्टर खरीदे पिंजरे

## अस्पतालों में वार्डों में मरीजों के परिजनों के भोजन पर रोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में चूहों की समस्या जिला अस्पताल और एमटीएच कपाउंड अस्पताल में भी है। दोनो अस्पतालों में वार्डों में मरीजों के परिजनों के भोजन पर रोक लगा दी गई है। परिजन बचा हुआ भोजन डस्टबीन में डाल देते है। फिर उन्हें खाने के लिए चूहे आ जाते है।**



चूहो ने पहुंचाया सीढ़ी को नुकसान

एमवाय में हुए चूहाकांड से दूसरे सरकारी अस्पतालों के डाक्टर घबराए हुए है। वे यह सर्तकता बरत रहे है कि उनके अस्पताल में इस तरह की घटना न हो जाए। इंदौर के पीसी सेठी अस्पताल, एमटीएच कपाउंड अस्पताल और जिला अस्पताल में पेस्ट कंट्रोल कंपनियों को चूहे भागने के लिए कहा गया है। इसके अलावा चूहे पकड़ने वाले पिंजरे खरीदने के आर्डर भी दिए जा रहे है।

एमवाय अस्पताल प्रबंधन ने भी नई एजेंसी की खोज शुरू कर दी है। इस कांड के बाद काम देख रही कंपनी से पेस्ट कंट्रोल का काम छिन लिया गया है। इंदौर में चूहों की समस्या जिला अस्पताल और एमटीएच कपाउंड अस्पताल में भी है। दोनो अस्पतालों में वार्डों में मरीजों के परिजनों के भोजन पर रोक लगा दी गई है। परिजन बचा हुआ भोजन डस्टबीन में डाल देते है। फिर उन्हें खाने के लिए चूहे आ जाते है। अस्पतालों के डाक्टर एनआईसीयू और बच्चों के वार्ड में खास तौर पर ध्यान रख रहे है। वहां चूहों को पकड़ने वाले पिंजरे भी लगाए गए है। एमवाय अस्पताल से भी चूहों को भगाने के लिए अभियान चलाने की योजना बनी है। परिसर के बगीचे और कच्ची मिट्टी वाले हिस्से में चूहों के बड़ी संख्या में बिल है। एमवाय चूहाकांड के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गई है। समिति अस्पताल का दौरा कर चुकी है और घटना की जानकारी भी जुटा चुकी है, लेकिन अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है,हालांकि इस मामले में छह अफसरों को निलंबित किया जा चुका है।

### पार्षद अनवर कादरी का रिमांड 12 सितंबर तक बढ़ा

## अनवर-आयशा का कराया आमना-सामना





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने दूसरी बार रिमांड खत्म होने के बाद पार्षद अनवर कादरी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने पुलिस की मांग पर उनका रिमांड 12 सितंबर तक बढ़ा दिया है। पुलिस का कहना है कि अनवर से अब तक कई अहम दस्तावेज और अकाउंट की डिटेल्स नहीं मिली है, जिन्हें लेकर आगे पूछताछ की जाएगी।

पुलिस रविवार को अनवर कादरी को नागपुर से इंदौर लेकर लौटी थी, लेकिन वहां से कोई खास जानकारी हाथ नहीं लगी। दूसरी ओर पुलिस ने अनवर की बेटी आयशा को रिमांड खत्म होने के बाद जेल भेज दिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस ने अनवर और आयशा का आमना-सामना भी कराया, लेकिन कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई। इससे पहले कोर्ट ने अनवर को 5 दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंपा था। सदर बाजार पुलिस ने भी अवैध हथियारों के लाइसेंस को लेकर अनवर कादरी से पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। अफसरों के मुताबिक, रिमांड अवधि में और भी मामलों पर तफ्तीश की जाएगी। बता दें कि कादरी के घर से एक फर्जी आर्म्स लाइसेंस मिला था, जो उसने जम्मू-कश्मीर से बनवाया था। मामले में सदर बाजार पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली थी। इस प्रकरण में सदर बाजार पुलिस ने अनवर की गिरफ्तारी नहीं ली है। अनवर कादरी दो प्रकरणों में वांटेड था। दुष्कर्म के ये मामले 11 जून को दर्ज किए गए थे, जिनमें मूल आरोपी पकड़े गए थे। इनमें कादरी को मुख्य आरोपी बनाया गया था। कुछ सबूत भी मिले थे, जिनके आधार पर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। उस पर 40 हजार रुपए का इनाम था। कोर्ट ने उसे 8 सितंबर को पेश होने के निर्देश दिए गए थे।

## सलमान लाला की पोस्ट कर रहे 35 सोशल मीडिया अकाउंट पर एफआईआर की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के गैंगस्टर सलमान लाला की सोशल मीडिया पर 70 से ज्यादा फर्जी आईडी सक्रिय हैं। यह खुलासा उसके चाचा जावेद ने उसकी मौत के बाद किया था। जावेद का कहना था कि लोगों ने ही सलमान को गैंगस्टर बना दिया। सोशल मीडिया पर उसकी बड़ी फैन फॉलोइंग थी। मौत के बाद कई लोगों ने भड़काऊ पोस्ट और वीडियो डाले। अब क्राइम ब्रांच ने 35 फर्जी आईडी की पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं साइबर टीम इन अकाउंट्स को हटवाने का काम कर रही है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि इस मामले में कुछ सोशल मीडिया अकाउंट चलाने वालों पर एफआईआर की तैयारी की जा रही है। 35 आईटी लिस्ट की गई हैं जो लगातार भड़काऊ पोस्ट डाल रही हैं। इन पर केस दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है। इन पर इंदौर बंद और धार्मिक माहौल बिगाड़ने जैसे पोस्ट डालने के आरोप हैं। हालांकि कई अकाउंट्स से आपत्तिजनक सामग्री हटवा दी गई है, लेकिन पहचान पूरी होने में समय लग सकता है। अधिकारियों ने साफ किया कि सलमान को हीरो बताने वाली युवतियों और उसके प्रचार में शामिल युवकों पर भी कार्रवाई तय है। क्राइम ब्रांच अधिकारियों के अनुसार, सलमान लाला एमडी ड्रग केस में फरार था। सूचना मिली थी कि वह जमानत के बाद अपने भाई को लेने स्कॉर्पियो से सागर पहुंचा है। क्राइम ब्रांच टीम जेल से ही उसके पीछे लगी थी।






30 अगस्त की रात करीब 2 बजे इंदौर-सीहोर हाईवे पर एक तालाब के पास उसने गाड़ी रोकी। तभी पुलिस उसे पकड़ने उतरी, लेकिन सलमान ने अंधेरे में छलांग लगा दी। पुलिस को लगा कि वह भाग गया, लेकिन दो दिन बाद 31 अगस्त को उसका शव तालाब से बरामद हुआ। सलमान लाला ने उज्जैन के कुख्यात बदमाश दुर्लभ कश्यप की तरह सोशल मीडिया नेटवर्क खड़ा कर रखा था। उसके परिचित युवक-युवतियां करीब दो दर्जन फर्जी आईडी चलाते थे। इनमें सलमान को गैंगस्टर बताने और पुलिस कस्टडी के वीडियो शेयर किए जाते थे। क्राइम ब्रांच ने दो साल पहले भी ऐसी कार्रवाई की थी और उसके साथियों को पकड़कर कई फर्जी आईडी डिलीट कराई थीं।

## ऑटो ड्राइवर की सिम से राजगढ़ में फर्जीवाड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में छत्री लगाकर सिम बचने के मामले में फर्जीवाड़ा सामने आया है। एक आरोपी ने ऑटो ड्राइवर के डॉक्यूमेंट से सिम ली और फर्जीवाड़ा कर दिया। मामले में राजगढ़ पुलिस ने बताया कि पीड़ित सैयद ने बताया कि उसने एक साल पहले सतीश नाम के व्यक्ति से सिम ली थी। तब एमजी रोड पुलिस को जानकारी देकर मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। एमजी रोड पुलिस ने सैयद मकबूल हुसैन निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी की शिकायत पर सतीश पुत्र नंदकिशोर लोधी निवासी मूसाखेड़ी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। सैयद ने बताया कि उसने सिम पोर्ट करने के लिए सतीश से मुलाकात की थी। उसने आधार कार्ड मांगा और सिम को दूसरी कंपनी में पोर्ट कर दिया। शनिवार को लीला चौहान का राजगढ़ से फोन आया उसने बताया कि आधार नंबर से एक सिम जारी हुई है जिससे गलत लेनदेन हुआ है। पता चला कि सतीश को जो डॉक्यूमेंट दिए थे उसने उससे एक और सिम एक्टिव कराई थी। उसे रुपए के लालच में किसी और को बेच दिया था। पुलिस ने सतीश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

## महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना के अशरफी नगर में रहने वाली तब्बसुम बी (33) पत्नी नौशाद खान की संदिग्ध परिस्थिति में रविवार को मौत हो गई। पति नौशाद उसे लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे थे। उनका कहना है कि पत्नी की तीन-चार दिन से तबीयत ठीक नहीं थी। घर पर ही उसे बोतल चढ़वाई गई थी। रविवार शाम अचानक उसे झटके आने लगे। तब्बसुम को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने सीधे एमवाय भेज दिया। यहां करीब एक घंटे उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। तब्बसुम के चार बच्चे हैं। वहीं पति नौशाद हम्माली का काम करता है।

## मां और बेटे ने की थी फायरिंग, केस दर्ज

### छत पर गांजा उगाने के बाद अब हवाई फायरिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** छत्रीपुरा पुलिस ने छत पर गांजा उगाने वाले दो भाइयों को हाल ही में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसी बीच उनका एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वे घर की छत से हवाई फायर करते नजर आ रहे थे। शनिवार को यह वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने रविवार रात मां और बेटों पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की।



छत्रीपुरा थाना पुलिस के एसआई शीतू जरिया के अनुसार, रोहित पुत्र मनोज सोनी निवासी भक्त प्रहलाद नगर और उसकी मां राजश्री सोनी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 (बीएनएस) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस को 7 अगस्त 2025 को यह वीडियो संज्ञान में आया था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक युवक और महिला छत पर हवाई फायर करते हुए दिख रहे थे। जांच और पूछताछ में उनकी पहचान रोहित सोनी और उसकी मां राजश्री के रूप में हुई। इसके बाद दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। कुछ दिन पहले छत्रीपुरा पुलिस ने राजश्री को गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि उसने अपने घर की छत पर गांजे के पौधे भी उगाए थे। इस मामले में कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया था। इसके बाद ही रहवासियों ने हवाई फायरिंग का यह वीडियो पुलिस को उपलब्ध कराया और मामला दर्ज हुआ।

## मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन परिवहन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने के लिये तैयार हो रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन नीति बनाने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। जलवायु परिवर्तन से लड़ने के वैश्विक जनादेश और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण लक्ष्यों को हासिल करना मध्यप्रदेश की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व ईवी दिवस पर लोगों से कार्बन उत्सर्जन कम करने और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया है। इलेक्ट्रिक वाहन जनसहयोग से कार्बन उत्सर्जन को कम करने में तेजी लाने के लिए सबसे प्रभावी समाधान हैं। मध्यप्रदेश में जल्दी ही इलेक्ट्रिक वाहन संवर्धन बोर्ड का गठन किया जायेगा। यह अंतर विभागीय समन्वय सुनिश्चित करने और विभिन्न मुद्दों का समाधान निकालने के लिए जिम्मेदार होगा। मध्यप्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग में आदर्श राज्य बनाने और इस क्षेत्र में उत्कृष्ट उदाहरण स्थापित करने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश की इलेक्ट्रिक वाहन नीति में रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में छूट के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिये वित्तीय प्रोत्साहन दिया जायेगा। चार्जिंग और स्वैपिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लगाने में तेजी लाने के प्रयासों को भी प्रोत्साहन दिया जायेगा। प्रदेश में ईवी उदयोग के लिए आवश्यक कौशल के साथ कार्यबल तैयार करने के लिए नीति में इंजीनियरिंग कालेजों और आईटीआई में ईवी और ईवी संबंधित पाठयक्रम भी शुरू किये जायेंगे। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन को ईवी मॉडल सिटी के रूप में स्थापित किया जायेगा। मध्यप्रदेश का लक्ष्य है कि 2070 तक भारत को अपने शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करे और स्वयं को कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने वाले राज्यों में पहला स्थान हासिल करे।

## बर्थडे पार्टी में एएसआई का अश्लील डांस

**दतिया, एजेंसी।** सिविल लाइन थाने में पदस्थ एक एएसआई का बार डांसर्स के साथ अश्लील डांस वीडियो सामने आया है। वीडियो में एएसआई संजीव गौड़ दो महिलाओं के साथ फिल्मी गानों पर अश्लील हरकत करते नजर आ रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी सूरज वर्मा ने एएसआईऔर एक कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल, 2 सितंबर को सिविल लाइन थाने में पदस्थ आरक्षक राहुल बौद्ध की बर्थडे पार्टी एक होटल में रखी गई थी। इस दौरान 2 बार डांसर्स को भी बुलाया गया था। सामने आए वीडियो में एएसआई संजीव गौड़ और कुछ अन्य युवक दोनों महिलाओं के साथ फिल्मी गानों पर डांस करते हुए अश्लील हरकतें करते दिखे।

## एसआई का भी शव मिला कॉन्स्टेबल की तलाश

**उज्जैन।** कार समेत शिप्रा नदी में गिरे एसआई मदनलाल निमामा का शव दो दिन बाद सोमवार को बरामद कर लिया गया है। उनका शव भैरवगढ़ क्षेत्र में मिला है। वहीं कॉन्स्टेबल आरती पाल का अब तक पता नहीं चला है। कार भी नहीं मिल पाई है। इससे पहले रविवार को कार में सवार टीआई अशोक शर्मा का शव शिप्रा नदी से बरामद किया गया था। उनका रविवार को ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। टीआई अशोक शर्मा और एसआई मदनलाल निमामा उज्जैन जिले के उन्हेल थाने में पदस्थ थे। वे शनिवार की रात उन्हेल थाने में ही पदस्थ कॉन्स्टेबल आरती पाल की कार से एक नाबालिग के अपहरण केस में जांच के लिए उज्जैन के चिंतामन थाना क्षेत्र में जा रहे थे। इस दौरान उनकी तेज रफ्तार कार ब्रिज पर से सीधे शिप्रा नदी में गिर गई थी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। थाना प्रभारी अशोक शर्मा का शव रविवार को भैरवगढ़ क्षेत्र की पुलिया के नीचे मिला था। सोमवार को उसी जगह एसआई मदनलाल निमामा की लाश भी मिली है।

## एक-दूसरे को बचाने में गई 3 मजदूरों की जान

**पीथमपुर।** रविवार रात प्राइवेट ऑयल कंपनी में एक-दूसरे को बचाने में तीन लोगों की जान चली गई। कंपनी ने करीब छह घंटे तक मामले को छुपाए रखा। पुलिस को बिना सूचना दिए निजी अस्पताल ले गए, जहां से इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। यहां तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक सुनील (35), दीपक (30) और जगदीश हैं। कलेक्टर प्रियंक मिश्र ने मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। इधर, पोस्टमॉर्टम के बाद तीनों के शव रात करीब 7:30 बजे एम्बुलेंस से पीथमपुर लाए गए। यहां जयस और मजदूर संगठन के लोग शव कंपनी के सामने सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं। वे लोग प्रशासन और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। मौके पर तीन थानों के करीब 100 ज्यादा पुलिसकर्मी और वज्र वाहन तैनात हैं। जयस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दे ने बताया कि कंपनी को एक घंटे का समय दिया है।

# माता-पिता, गुरुजनों के योगदान के प्रति हमेशा रहें कृतज्ञ : राज्यपाल श्री पटेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने कहा कि विद्यार्थी अपने माता-पिता और गुरूजनों के योगदान के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहें। सफलता के बाद भी उनका हमेशा सम्मान करें। दीक्षांत शपथ का प्रतिदिन मनन करें और जीवन भर उसका अनुसरण भी करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए, डिजिटल और 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में विश्वविद्यालयों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

दीक्षांत, वह अवसर है जब शैक्षणिक यात्रा की पूर्णता के साथ, समाज और राष्ट्र की सेवा यात्रा का शुभारंभ होता है। यह केवल डिग्री प्राप्त करने का उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के वर्षों की मेहनत, अनुशासन और गुरुजनों के सफल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। विश्वविद्यालयीन स्मारिका और पुस्तक का लोकार्पण भी किया।




राज्यपाल व कुलाधिपति श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगुवाई में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की शोभा यात्रा ने मंत्रोच्चार के बीच सभागार में प्रवेश किया। राज्यपाल श्री पटेल का विश्वविद्यालय के कुलगुरु सुरेश कुमार जैन ने पौधा, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। कुलगुरु श्री जैन ने दीक्षित विद्यार्थियों को दीक्षांत उपदेश दिया और दीक्षांत शपथ दिलाई।

### दीक्षांत समारोह अब भारतीय परंपरा के अनुरूप आयोजित किए जा रहे हैं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय अपनी क्षमता से विश्व में पहचान बना रहे हैं। अतीत की गलतियों को सुधारते हुए दीक्षांत समारोह अब भारतीय परंपरा के अनुरूप आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश में सबसे पहले वर्ष 2020 में शिक्षा नीति लागू की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सभी भाषाओं के अध्ययन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी राज्यों में बोली जाने वाली भाषाएं हमारी राष्ट्रभाषा हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने राष्ट्रभाषा हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई कराने की पहल की है, जिसे काफी सराहना मिल रही है। शिक्षा को केवल नौकरियों से न जोड़ा जाए, यह समाज में ज्ञान के सतत प्रसार का माध्यम है। राज्य में कुलपति को कुलगुरु की नई संज्ञा मिली है, जिसे





जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली ने भी अपनाया है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में नवाचारों के साथ कृषि संकाय और फैशन डिजाइनिंग जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रम की पढ़ाई कराई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के माध्यम से आज 54 हजार से अधिक विद्यार्थियों को स्नातक, 23 हजार विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर, 190 विद्यार्थियों को पीएचडी, 21 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, इस प्रकार कुल 78 हजार विद्यार्थियों के सपने साकार हो रहे हैं। तकनीकी एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि आज विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। हमें जीवनभर समाज और परिवार का ऋण उतारने के लिए कार्य करना चाहिए। देश में भारतीय परंपरा के अनुसार दीक्षांत समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए सबसे पहले प्रदेश में शिक्षा नीति लागू की गई। राज्य सरकार सभी विश्वविद्यालयों में डिजिटल मूल्यांकन शुरू करेगी। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, आयुक्त प्रबल सिपाहा, कुल सचिव अनिल शर्मा, कार्यपरिषद के सदस्य, विभिन्न संकायों के अध्यक्ष, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहें।

## बारिश थमी, उफनी नदियों से निकाले शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में रविवार से भले ही तेज बारिश का दौर थम गया, लेकिन नदी-नाले अभी उफान पर हैं। नर्मदापुरम, रतलाम, जबलपुर, टीकमगढ़, उमरिया और बालाघाट में हल्की बारिश हुई। इधर, सोमवार को भोपाल, इंदौर समेत अधिकांश जिलों में तेज धूप खिली रही। दूसरी ओर सोमवार को सागर में सवा इंच, खजुराहो में आधा इंच बारिश हुई। छिंदवाड़ा, उमरिया में भी बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अभी प्रदेश में मानसून समेत दो टर्फ की एक्टिविटी जरूर है, लेकिन वे स्ट्रॉन्ग नहीं हैं। इस वजह से भारी बारिश का दौर थमा है। इससे पहले रविवार को भोपाल के बैरसिया में 12 साल की चिंको नदी में बह गई। वह अपने दादा बाबूलाल साहू (70) के साथ खजुरिया रामदास गांव में ब्रह्मा नदी में तर्पण करने गई थी। दादा का शव कुछ घंटे बाद ही मिल गया था। बच्ची को एसडीआरएफ और होमगार्ड की टीम तलाशती रहीं और सोमवार देर शाम को बच्ची का शव घटनास्थल से 15 किलोमीटर दूर मिल गया।ओंकारेश्वर में रविवार देर शाम नर्मदा स्नान के दौरान एक युवक डूब गया। राजस्थान के पाली शहर से आए 6 दोस्तों के ग्रुप में से चिराग उर्फ उमेद (25) अपने साथी को बचाने के लिए नदी में कूदा था।

## भगवान सत्यनारायण की कथा के लिए प्रदेश में निकला सरकारी आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में एक अनोखा मामला सामने आया है। यह मामला पीडब्ल्यूडी विभाग से जुड़ा है। पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर संजय मास्के का एक पत्र वायरल है। उन्होंने अपने सरकारी बंगले पर सत्यनारायण भगवान की कथा और महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। इसके लिए उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नोटशीट जारी कर बुलावा भेजा है। पांच सितंबर को हुए आयोजन में सभी को महाप्रसादी के लिए कहा गया था। चीफ इंजीनियर संजय मास्के ने भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन करवाया था। यह आयोजन उनके सरकारी बंगले पर हुआ था। उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बुलवाने के लिए नोटशीट जारी करवाई। नोटशीट में लिखा था कि भोपाल परिक्षेत्र लोक निर्माण विभाग कार्यालय के अधीनस्थ समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के शासकीय निवास क्र. सीपीसी-1 चार ईमली भोपाल पर दिनांक 5 सितंबर को सत्यनारायण भगवान की कथा तदोपरांत दोपहर 1 बजे से महाप्रसादी के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महाप्रसादी का लाभ लेने के लिए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को उपस्थित होने के लिए सूचित किया जाता है। यह आयोजन 5 सितंबर को चीफ इंजीनियर के सरकारी बंगले पर हुआ। कथा के बाद दोपहर 1 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया गया। नोटशीट में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को उपस्थित रहने के लिए कहा गया था। उनसे महाप्रसादी का लाभ लेने का आग्रह किया गया था।

### 25 लाख मुआवजा देने का आदेश


**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने रेप के मामले में दोषी को 4 साल 7 महीने अतिरिक्त जेल में रखने के मामले में मप्र सरकार को 25 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया है। सागर जिले के इस मामले में आरोपी को सात साल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन सजा की अवधि पूरी होने के बाद भी उसे रिहा नहीं किया गया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने मध्यप्रदेश सरकार की लापरवाही के लिए कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने इसे "गंभीर चूक" बताते हुए कहा कि इस तरह की अवैध हिरासत किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है।

## संपादकीय

# भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर रहा

भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाने के फैसले के बाद अब पीएम मोदी ने नई रणनीति बनाई है। दरअसल, पीएम मोदी आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सांसदों की फौज उतारने जा रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने सांसदों की कार्यशाला में 'स्वदेशी' का नारा एक बार फिर से बुलंद किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सत्तारुढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों से भारत में निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'स्वदेशी मेला' आयोजित करने का आग्रह किया और कहा कि आत्मनिर्भरता ही भारत के उत्थान का मार्ग है। सूत्रों ने बताया कि उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले सांसदों को संबोधित करते हुए मोदी ने भारत में निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया और लोगों को जीएसटी दरों में कटौती के व्यापक प्रभाव के बारे में बताने का आग्रह किया। सूत्रों ने बताया कि इसके अलावा उन्होंने सांसदों से खासकर त्योहारी सीजन में अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों एवं व्यापारियों के साथ बैठकें करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बाद में कहा कि मोदी ने किसी देश का जिक्र नहीं किया, बल्कि आत्मनिर्भरता की जरुरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक मजबूत राष्ट्र के रुप में उभर रहा है, ऐसे में कुछ चुनौतियां भी आएंगी और विकसित राष्ट्र बनने की राह पर आगे बढ़ने के लिए उसे 'आत्मनिर्भर' होने की जरुरत है। रिजिजू ने कहा कि उन्होंने सांसदों से अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में भारत में निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मेले आयोजित करने और इसमें नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोगों को भारत में निर्मित उत्पादों पर उतना ही गर्व होना चाहिए, जितना वे कभी जापानी वस्तुओं पर महसूस करते थे। पीएम मोदी ने सांसदों से कहा कि वे जिस कार्यक्रम में शामिल हों, 'स्वदेशी' उसका हिस्सा होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से एक लहर पैदा हुई है और सांसद जनता के साथ बैठकें करके इस संदेश को उन तक पहुंचाएं। सूत्रों ने बताया कि मोदी ने सांसदों को सलाह दी कि वे मंगलवार को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में सही तरीके से मतदान करें, ताकि कोई भी वोट बर्बाद न हो।

isha



आपको लोगों से चिढ़ केवल इसलिए होती है क्योंकि वे वैसे नहीं हैं जैसी आप उम्मीद करते हैं या जैसा उनके होने की चाह रखते हैं। दरअसल, वे आपके जैसे नहीं हैं।

– जग्गी वासुदेव

**Health is Wealth**

# इन रोगों से पीड़ित लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए सेब, ये होते हैं साइड इफेक्ट



**हम और आप बचपन से एक कहावत सुनकर बड़े हुए हैं, 'एन एप्पल इन ए डे कीप द डॉक्टर अवे'...लेकिन क्या आप जानते हैं यह कहावत हर किसी के लिए सही नहीं होती है। सेब में मौजूद विटामिन, फाइबर, आयरन, पोटैशियम, मैग्नीशियम, कॉपर और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व व्यक्ति के शरीर का कई रोगों से बचाव करते हैं। बावजूद इसके हर व्यक्ति के लिए इसका सेवन सुरक्षित नहीं होता है। जी हां, कुछ लोगों को सेब का सेवन फायदे की जगह नुकसान पहुंचाने लगता है। ऐसे में सेहतमंद बने रहने के लिए यह जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर किन लोगों को खासतौर पर सेब का सेवन करने से बचना चाहिए।**

## ◆इन 5 लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए सेब

### डायबिटीज रोगी

डायबिटीज रोगियों को खासतौर पर अपनी डाइट का ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। कई ऐसे फल हैं, जिनका सेवन ब्लड शुगर रोगियों को नहीं करना चाहिए। इन्हीं फलों में सेब का नाम भी शामिल है। सेब में प्राकृतिक शुगर (फ्रक्टोज) पाई जाती है। अगर डायबिटीज रोगी अधिक मात्रा में सेब का सेवन करते हैं तो उनका ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। ऐसे में शुगर रोगी अपने डॉक्टर की सलाह के बाद ही सेब का सेवन करें।

### एलर्जी

कुछ लोगों को खासतौर पर ओरल एलर्जी सिंड्रोम वाले लोगों को सेब खाने से एलर्जी की समस्या हो सकती है। ऐसे लोग अगर ज्यादा मात्रा में सेब का सेवन कर लें तो उनके मुंह, गले और त्वचा में खुजली या सूजन, सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं हो सकती है। सेब थोड़े से अम्लीय होते हैं ऐसे में ज्यादा सेब खाने से एसिड रिफ्लेक्ट या पेट भी अपसेट हो सकता है।

### कमजोर पाचन

जिन लोगों को पहले से ही पेट और पाचन से जुड़ी समस्याएं रहती हैं, उनके लिए भी सेब का अधिक सेवन नुकसान कर सकता है। दरअसल, सेब में मौजूद फाइबर पेट के लिए अच्छा होता है, लेकिन गैस, एसिडिटी या इर्रिटेबल बॉवेल सिंड्रोम (IBS) वाले लोगों के लिए यह परेशानी बढ़ा सकता है।

### दांत और मसूड़ों की समस्या

सेब में मौजूद प्राकृतिक एसिड दांतों के इनेमल को नुकसान पहुंचा सकता है। बार-बार सेब खाने से दांतों में सेंसिटिविटी और मसूड़ों की समस्या बढ़ सकती है। अगर आपको पहले से ही दांतों से जुड़ी कोई बीमारी है तो सेब का सेवन करने से बचें।

### दस्त की परेशानी

दस्त या डायरिया की समस्या से पीड़ित लोगों को सब का सेवन नहीं करना चाहिए। सेब में फाइबर की प्रचुर मात्रा मौजूद होती है, जो मल त्याग को आसान बनाती है। इसका अधिक सेवन दस्त की समस्या और अधिक बढ़ सकता है।

New Delhi

# बारिश, बाढ़ और भूस्खलन: पंजाब में अब तक 51 की मौत... हरिद्वार में ट्रैक पर गिरा मलबा, 23 ट्रेनें प्रभावित

**नई दिल्ली/शिमला/हरिद्वार, (एजेंसी)** उत्तर भारत में बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के चलते लोगों की दुश्वारियां जारी हैं। सोमवार सुबह करीब पौने सात बजे हरिद्वार में टनल के पास रेलवे ट्रैक पर मलबा गिरने से रेल यातायात करीब 11 घंटे बंद रहा। इस दौरान 23 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। पंजाब में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 51 पर पहुंच गई है और 3.87 लाख लोग प्रभावित हैं। 4.34 लाख एकड़ क्षेत्र में फसले भी बर्बाद हो गई है। राज्य सरकार ने प्रति एकड़ 20,000 रुपये का मुआवजा देने का एलान किया है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी



बारिश से हालात खराब बने हुए हैं और कई सड़कें बंद हैं। कटड़ा में माता वैष्णो देवी यात्रा लगातार 14वें दिन निलंबित रही।

हरिद्वार में काली माता मंदिर के पास भीमगोडा रेलवे टनल के पास रेल ट्रैक पर पहाड़ से मलबा गिरा। एक महीने में इस तरह की यह दूसरी घटना थी। ट्रैक पर मलबा गिरने से देहरादून-ऋषिकेश और हरिद्वार के बीच चलने वाली ट्रेनों का संचालन ठप हो गया। 23 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। इनमें चंदौसी ऋषिकेश, हावड़ा योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस, अमृतसर देहरादून एक्सप्रेस, बाड़मेर ऋषिकेश एक्सप्रेस शामिल थीं। यात्रियों को पांच बसों से उनके गंतव्य तक बेजा गया। ट्रैक को शाम पांच बजे खोला गया।

Uttarpradesh

## किडनैपिंग, 14 दिन तक गैंगरेप, फिर वैश्यावृत्ति में धकेला, 13 साल की बच्ची की कहानी सुन पुलिस भी हैरान



**बस्ती, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बस्ती में कक्षा 6 की छात्रा एक 13 साल की बच्ची के साथ एक ऐसा घिनौना काम हुआ,जिसे सुनकर हर किसी के रौंगटे खड़े हो गए.नाबालिग छात्रा को कुछ दरिंदों ने उसके ही विद्यालय से अगवा किया और कई दिनों तक बंधक बनाकर उसके साथ गैंगरेप किया. इतने से दरिंदो का मन नहीं भरा तो उन्होंने नाबालिग छात्रा को देहव्यापार में भी धकेलने की पूरी तैयारी कर ली थी लेकिन किसी तरह से छात्रा दरिंदों की चंगुल से भाग निकली. घर पर पहुंचकर उसने घरवालों को अपनी आप बीती सुनाई तो परिजनों के पैरों तले जमीन निकल गयी और उन्होंने तुंरन्त पुलिस को पूरी घटना बताई. थाने में पहले से ही छात्रा की गुमशुदगी की FIR दर्ज थी. पूरी घटना की जानकारी होते ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई. बहुत प्रयास के बाद भी जब आरोपी नहीं मिले तो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 25-25 हजार का इनाम घोषित कर दिया.लगातार छानबीन करने के बाद सोमवार की सुबह 11 बजे पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि घटना में शामिल दो आरोपी एक गांव मे छुपे हैं और कहीं भागने के प्रयास में हैं. सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर ही फायर कर दिया,जवाबी कार्यवाही मे पुलिस मुठभेड़ में आरोपियों को पैर में गोली मारी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया.

Bihar

## पूर्णिया में पारिवारिक विवाद में सगी बहन को भाई ने मार डाला, दो गोली मारकर हत्या

**पूर्णिया, (एजेंसी)** बिहार के पूर्णिया जिले में पारिवारिक विवाद में भाई ने अपनी सगी बहन की गोली मारकर हत्या कर दी है। भाई के उठाए अचानक इस कदम से परिवार वालों सहित आसपास के लोग सन्न हैं। परिजन मामले में कुछ भी बताने से फिलहाल परहेज कर रहे हैं। घटना शहर के मधुबनी थाना के मधुबनी बाजार में सोमवार शाम करीब नौ बजे की है। मृतका की पहचान 23 वर्षीय छोटी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवती अपने परिजनों के साथ बात कर रही थी कि उसका बड़ा भाई अचानक आया और उसपर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली युवती की बांह और पेट में जा लगी। गोली मारकर आरोपी युवक भाग निकला। आनन- फानन में परिजन युवती को जीएमसीएच ले गए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मधुबनी थाना पुलिस को दी गई।

New Delhi

## दिल्ली में फूड आउटलेट के AC में जोरदार धमाका, लगी आग, 5 लोग बुरी तरह घायल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के यमुना विहार से एयर कंडीशन में धमाके की खबर सामने आई है. सोमवार देर रात एक फूड आउटलेट के ग्राउंड फ्लोर पर ये हादसा हुआ. दिल्ली अग्निशमन सेवा को सूचना मिली और उसने तुरंत तीन दमकल गाड़ियां मौके पर भेजीं. इस घटना में पांच लोग घायल हुए हैं और उन्हें जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय पुलिस थाना फिलहाल मामले की जांच कर रहा है. मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है.

गौरतलब है कि दिल्ली से सटे हरियाणा के फरीदाबाद जिले में एक दिन पहले एसी से ही जुड़ा एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ. यहां ग्रीन फील्ड कॉलोनी स्थित एक मकान के फर्स्ट फ्लोर पर एसी फटने के बाद आग लग गई. इस आगजनी में सेकेंड फ्लोर पर एक ही परिवार के तीन सदस्यों



की मौत हो गई.

साथ ही परिवार का पालतू कुत्ता भी इस हादसे में झुलसकर मर गया. राज 3 बजे हुए इस हादसे को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,एकाएक जोरदार धमाके की आवाज आई. इसके बाद मकान से धुआं और आग निकलने लगी. जब तक स्थानीय लोग और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचते, तब तक पूरा फ्लैट धुएं से भर चुका था.

खेल

# भारतीय फुटबॉल टीम ने पहली बार ओमान को दी शिकस्त, पेनल्टी शूटआउट में हराया, तीसरे स्थान पर रही

**हिसोर, (एजेंसी) भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने सीएएफए नेशंस कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास में पहली बार ओमान को शिकस्त दी। भारत और ओमान के बीच नियमित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा था जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट के जरिये नतीजा निकला। भारतीय टीम ने पेनल्टी शूटआउट में ओमान को 3-2 से हराया और इस टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल करने में सफल रही।**

### भारत के लिए ऐतिहासिक रही जीत




भारतीय फुटबॉल टीम के लिए यह जीत यादगार और ऐतिहासिक है क्योंकि इससे पहले उसने कभी भी पश्चिम एशिया के अपने प्रतिद्वंद्वी को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच में नहीं हराया था। हालांकि, टीम ने इस तिलिस्म को भी तोड़ा और ओमान पर जीत दर्ज की। भारत को उदांता सिंह ने बराबरी दिलाई, जबकि इससे पहले यहमादी ने ओमान की ओर से गोल किया था।

**पिछले 25 साल में ओमान के खिलाफ गंवाए थे छह मैच** - पेनल्टी शूटआउट में बेहतर रैंकिंग वाली टीम ओमान ने अपने शुरुआती दो मौके गंवा दिए, जबकि गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने अंतिम पेनल्टी को रोककर तीसरे-चौथे स्थान के क्लासीफिकेशन मुकाबले में भारत की जीत सुनिश्चित की। पेनल्टी शूटआउट में भारत की ओर से लालियनजुआला छांगटे, राहुल भेके और जितिन एमएस ने गोल दागे, जबकि अनवर अली और उदांता सिंह गोल करने में नाकाम रहे। दोनों टीम अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहीं थी जिससे उन्हें तीसरे स्थान के मुकाबले में खेलने का मौका मिला। भारत ने वर्ष 2000 से ओमान के खिलाफ नौ मैच में से छह गंवाए हैं। दोनों टीम के बीच पिछला मुकाबला मार्च 2021 में खेला गया था जो 1-1 से ड्रॉ रहा था।

सिनेमा

# बिग बॉस की इस कंटेस्टेंट पर भड़कीं हिना खान, जमकर लताड़ा और फिर डिलीट की पोस्ट



टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का हिस्सा रह चुकीं स्टार एक्ट्रेस हिना खान ने बिग बॉस 19 की कंटेस्टेंट अशनूर कौर का सपोर्ट करते हुए फरहाना भट को लताड़ा। हिना खान को फरहाना भट का वो बयान बिलकुल नागवार गुजरा जिसमें उन्होंने टीवी एक्टर्स को फिल्म अभिनेताओं से कमतर बताया था। हिना खान ने अपनी X पोस्ट पर फरहाना के बारे में खुलकर लिखा और फरहाना को धमकी भी दे डाली, लेकि कुछ वक्त बाद में उन्होंने ये पोस्ट डिलीट कर दिए। बिग बॉस से जुड़ी खबरें साझा करने वाले प्लेटफॉर्म बिग बॉस ताजा खबर ने हिना खान की इन दोनों पोस्ट के स्क्रीनशॉट साझा किए हैं जिन्हें करने के बाद एक्ट्रेस ने उन्हें डिलीट कर दिया। हिना खान ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'हम किसी भी माध्यम में अच्छे और यादगार काम करना पसंद करते हैं, और हम सभी माध्यमों का बराबर सम्मान करते हैं, टीवी पर आकर खुद को फिल्म एक्टर कह कर बड़ा बताना... जो कि एक अच्छा स्थापित और किसी भी माध्यम का यादगार कलाकार कभी नहीं करेगा। खाली बातों से सिर्फ शोर आता है। सिर्फ शोर। हैश टैग अंगूर खट्टे हैं।'

## Highlights

1. **Indian shot dead in US as he objects to man urinating in public**
2. **Indians to face issues as US tightens visa rules involving 3rd country option**
3. **Man drags grandmother by hair, assaults her in UP**
4. **UP CM orders statewide probe into courses run by colleges & universities**
5. **BJP accuses TMCP leader of trying to burn photos of Tagore, Modi, Shah**

# Full benefit of GST rate cuts must be passed on to consumers, Piyush Goyal says

**NEW DElHI, (Agency).** Union Ministry Piyush Goyal has asked India Inc. to pass on the full benefit of GST rate cuts to fuel consumption in the world's fourth largest economy.

"The GST rate cuts—along with simplification—will boost domestic demand, small and large enterprises will get access to more opportunities...," the union minister for commerce and industry said at an EEPC event in New Delhi on Monday. "New avenues for employment will be generated, earnings will rise, which will lead to higher spending."

That, according to him, will create a "virtuous cycle of growth" to take India forward. No power in the world will be able to stop India's emergence as a global superpower, he said.

Therefore, the benefits of GST rate cuts should be passed on to consumers, to ensure that growth reaches every citizen and strengthens the foundations of India's economy,



Goyal said.

On Thursday (4 September 2025), India cut GST rates on hundreds of items in the biggest indirect tax overhaul since 1 July 2017, when Goods and Services Tax was first introduced. Soaps to small cars are set get cheaper by at least 10 percentage points from 22 September.

Swadeshi Drive

According to Goyal, the Indian economy would become the third largest in the world in the next two to three years. By 2047, it would become an economy with a gross domestic product of at least $30 trillion.

"Therefore, we must all accept the call to action of Atmanirbhar Bharat which is in front of us," he said. "No matter how much instability arises in the global situation... India's confidence is so strong today we do not get scared or bow to any challenge."


Therefore, apart from passing on GST benefits, businesses should focus on Made-in-India products, as that would noy only help India's growth but also strengthen its financial security.

# Zerodha spots a unique risk factor in Physics Wallah's draft IPO papers

**NEW DEIHI, (Agency).** Zerodha, India's largest brokerage by number of users, has spotted a unique risk in Physics Wallah's draft IPO papers filed with India's market regulator.

The online tutor has in its draft red-herring prospectus cited "failure to protect students' and security" as a key risk factor, as that "may negatively impact our reputation and business". While that seems as a legitimate concern for a company in the business of education, the fineprint makes for an amusing read, even for Zerodha.

"In 2023, a video of a staff member pushing a student in one of our offline centres was circulated on social media.




Based on an internal assessment, we terminated the staff member involved in this incident," Point No.16 in the "risk factors" stated.

"In another incident in 2023, a student was seen threatening a faculty member with a slipper over a video call." Zerodha highlighted this "unique risk" in a post on X, without saying much else except citing the source as 'Company DRHP'.

Physics Wallah IPO

Physics Wallah has filed draft papers for an IPO worth ₹3,820 crore to become the latest new-age, technology-driven startup looking to tap the Dalal Street for funds.

The company, backed by the likes of WestBridge Capital and Hornbill Capital, aims to raise ₹3,100 crore by issuing new shares and the rest ₹720 crore via an offer for sale by cofounders Alakh Pandey and Prateek Boob.

The Noida-based startup, which had a valuation of $2.8 billion in September 2024, plans to use the IPO proceeds to set up physical coaching centres and pay their rent, boost technology and marketing, and fund acquisitions. The company grew its revenue by 49% year-on-year to ₹2,887 crore in 2024-25, even as loss narrowed to ₹243 crore from ₹1,131 crore.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक